Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to construct a dam at the junction of Yamuna and Utangan Rivers in Firozabad block, Uttar pradesh to solve water crises in the surrounding areas.

डॉ. चन्द्र सेन जादौन (**फिरोजाबाद**): सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए मैं आपका अति आभारी हूं । मैं डॉ, चन्द्रसेन जादौन फिरोजाबाद से सांसद हूं । मेरी लोक सभा फिरोजाबाद अत्यधिक विकराल है । यह जंगल से विकराल तथा पानी के अभाव में अत्यधिक ग्रस्त है । भूगर्भ जल की हालत बहुत खस्ता है । भूगर्भ जल बराबर गिरता जा रहा है । अगर, इसी तरह से गिरता रहा तो निकट भविष्य में पेयजल तथा सिंचाई जल की समस्या फिरोजाबाद तथा आगरा जिले में विकराल रूप धारण कर लेगी तथा खाद्यान्न का संकट भी उत्पन्न हो सकता है । इसके कारण ग्रामीण जन वहां से पलायन तथा आत्मदाह करने के कगार पर पहुंच रहे हैं ।

सभापति महोदय, जनपद फिरोजाबाद तथा आगरा की उपजाऊ भूमि होने के साथ-साथ, खाद्यान्न के मामले में निर्यातक क्षेत्र में गिनती हो रही है और अब ये देश के खाद्य भंडार का भी हिस्सा बनने लगे हैं । परन्तु, सिंचाई जल के अभाव में ऐसा प्रतीत होता है कि निकट भविष्य में उक्त जिलों में कृषि योग्य भूमि कहीं बंजर न बन जाए और ये खाद्यान्न निर्यातक के दर्जे से दूर न हो जाएं ।

माननीय सभापति: आप सरकार से क्या चाहते हैं? उसके बारे में बताइए ।

डॉ. चन्द्र सेन जादौन: सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि उक्त दोनों जिले, फिरोजबाद और आगरा की सीमा में यमुना नदी विशाल जल से परिपूर्ण होकर बहती है तथा राजस्थान की तरफ से आने वाली उटंगन नदी यमुना में आकर जनपद, तहसील व ब्लॉक फिरोजाबाद की ग्राम पंचायत फरौल नगरिया में गिरती है । उत्तर प्रदेश में फरौल नगरिया पर दोनों नदियों के मिलने वाले स्थान पर नदी को रोककर बांध बनाकर वर्षा का

पानी रोक दिया जाए तो भूगर्भ जल का स्तर ऊपर आ जाएगा तथा उक्त दोनों जिलों की भीषण पेयजल तथा सिंचाई जल की समस्या हमेशा-हमेशा के लिए हल हो जाएगी। धन्यवाद।